Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **सीकर में एन.सी.सी. का वरिष्ठ सहायक 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *21 जून।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर सीकर इकाई द्वारा आज सोमवार को कार्यवाही करते हुये विक्रम सिंह वरिष्ठ सहायक, 3 राज. बटालियन, एन.सी.सी. सीकर को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की सीकर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि एन.सी.सी. का सामान संबंधित कॉलेजों में एन.सी.सी. कोर्स कर रहे छात्रों को विक्रय करवाने की एवज में विक्रम सिंह वरिष्ठ सहायक, 3 राज. बटालियन, एन.सी.सी. सीकर द्वारा तीन किश्तों में 15 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी सीकर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री जाकिर अख्तर** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री सुरेश चन्द** एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये विक्रम सिंह पुत्र श्री गुलाब सिंह निवासी न्यू किसान कॉलोनी, सांवली रोड़, पुलिस थाना सदर सीकर, जिला सीकर हाल वरिष्ठ सहायक, 3 राज. बटालियन, एन.सी.सी. सीकर को परिवादी से प्रथम किश्त के रूप में **5 हजार रुपये की रिश्वत** लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।